ACE/22-23/08)

18-03-2023

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997 क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

क़ादर नवाज़ ख़ान
Kadar Nawaz Khan
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक
Registrar/ Controller of Examination

दूरभाष/Phone: 91-7152-230902

पत्रांक : 023/दूशिनि/परी.वि./अप्रैल-23/236/2049

दिनांक : 16.03.3023

परीक्षा अधिसूचना

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों (सत्र जुलाई 2021) (संशोधित नवंबर 2021) एवं सत्र जनवरी, 2022 में प्रवेशित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिनांक : 21.03.2023 से 05.04.2023 तक ऑनलाइन माध्यम https://ddemgahv.samarth.edu.in/index.php से भरे जाएंगे। यह सत्रांत/वार्षिक परीक्षा पूर्णत: ऑनलाइन (MCQ परीक्षा) प्रणाली से आयोजित की जाएगी, इसका इंटरनेट लिंक ब्राउजर सहित इंस्टाल लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्न-पत्र में 35 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक के लिए 02 अंक निर्धारित किए गए हैं। यह परीक्षा 90 मिनट की होगी, परीक्षा की समय-सारणी एवं दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो पिछले प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में किसी कारणवश अनुपस्थित/अपूर्ण/अनुत्तीर्ण रहे हैं, जिनका प्रवेश अभी तक वैध है, की पूरक परीक्षा उपर्युक्त विद्यार्थियों के साथ ही आयोजित की जा रही है, तथा नवंबर, 2021 में द्वितीय वर्ष* में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरे जाने हैं। द्वितीय वर्ष (जनवरी, 2021 से पूर्व) एवं पूरक विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन प्रपत्र दिनांक : 21.03.2023 से 05.04.3023 के मध्य भरकर दिए गए पते पर प्रस्तुत करें, एवं यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन 10 अप्रैल, 2023 तक परीक्षा विभाग में मूलप्रति प्राप्त हो जाए। विलंब से प्राप्त अथवा अपूर्ण परीक्षा आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। पूरक विद्यार्थियों को निर्धारित राशि 300/- प्रति प्रश्न-पत्र की दर तथा जिन विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में सत्रीय कार्य जमा नहीं किए गए हैं उन विद्यार्थियों को निर्धारित राशि 250/- प्रति सत्रीय कार्य की दर से आवेदन पत्र के साथ शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

01	परीक्षा आवेदन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) प्रारंभ होने की तिथि	21 मार्च, 2023
02	परीक्षा आवेदन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि	05 अप्रैल, 2023
03	पूरक विद्यार्थी हेतु शुल्क	300/- प्रति प्रश्नपत्र
04	सत्रीय कार्य हेतु शुल्क	250/- प्रति प्रश्नपत्र
05	ऑफलाइन परीक्षा आवेदन जमा करने का पता	सहायक कुलसचिव, परीक्षा विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा 442001 (महा.)
06	शुल्क जमा करने हेतु विवरण	वित्ताधिकारी, मगांअंहिवि, वर्धा खाता सं. 972110210000001 (IFSC- BKID0009721) बैंक ऑफ इंडिया, शाखा - हिंदी विश्वविद्यालय

ऑफलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org/Distance से डाउनलोड किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 07152-255360 अथवा टोलफ्री नं. 18002331575 पर संपर्क करें।

नोट – सत्र जनवरी, 2021 में प्रवेशित विद्यार्थी जो प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उनके लिए सूचना यथाशीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

* पत्रांक सं. 023/2021/सामान्य पाठ्यक्रम/05/(Part-05)/3375 दि. 02/11/2021 द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची संलग्न है।

क़ादर खान
(क़ादर नवाज़ ख़ान)
16/03/23

Forward to Chetan Prakash ji to fill info NB/WB
18.3.23

ई-मेल
16/03/23

पोस्ट-हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र) 442001
Post-Hindi Vishwavidyalya, Gandhi Hills, Wardha- (Maharashtra) 442001
E-Mail: mgahvdistexam@gmail.com वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

Scanned with OKEN Scanner